दिनांक 4 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आवश्यक सामग्री लेने जाए तो सोशल डिस्टेंस का रखें ध्यान , निगम प्रशासन की अपील

भिलाई नगर/ लॉक डाउन के मद्देनजर घर पर ही रहें सुरक्षित रहें परंतु यदि अत्यंत आवश्यक कार्य के लिए निकलना पड़ रहा है तो सोशल डिस्टेंस बनाए रखना बेहद जरूरी है! नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत राशन दुकान, मेडिकल दुकान आदि छूट प्राप्त दुकानों में खरीदारी करने आने वाले क्रेता एवं दुकानदार कम से कम 1 मीटर की दूरी बनाकर कतार बद्ध रहकर सोशल डिस्टेंस बना सकते हैं! इसके लिए चूना पेंट अथवा अन्य विधि से दुकानों के सामने मार्किंग की गई है एवं छूट प्राप्त दुकानदारों से भी इसी प्रकार की अपील की जाती है कि वह अपने दुकानों के सामने पर्याप्त दूरी बनाए रखें भीड़ बढ़ने न दे! जो भी दुकानदार इस आदेश का पालन नहीं कर सकेंगे उन्हें दुकान संचालन की छूट से समाप्त मानी जाएगी! निगम भिलाई द्वारा किराना दुकानों मे आने वाले खरीदारों को कतार बद्ध करने तथा परस्पर दूरी बनाए रखने के लिए पेंट, चूना एवं अन्य विधि द्वारा मार्किंग की गई है और कई स्थानों पर आवश्यकता अनुरूप की जा रही है! आमजन से भी अपील है कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए सहयोग करें, घर पर ही रहे अत्यावश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखने में मददगार बने! कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए परस्पर दूरी बनाए रखना भी बेहद जरूरी है! भीड़-भाड़ वाले स्थानों से भी अपने आप को दूरी बनाकर सोशल डिस्टेंस रखना बेहद आवश्यक है!

जनसंपर्क अधिकारी